# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-176 सागवाड़ा, सोमवार, 28 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# मरने के लिए रेल की पटरियों पर सोई महिला

## ट्रैन का इंजन व 2 डिब्बे ऊपर से गुजरे, ड्राइवर ने लगाएं इमरजेंसी ब्रैक और बच गई जान

**डूंगरपुर।** रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक पर सोकर एक महिला द्वारा आत्महत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। जिसमे डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई ट्रेन के आगे ट्रेक पर एक महिला मरने के लिए पटरियों पर सो गई। महिला को ट्रेक पर सोता देख वही ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाएं और रेल रोकी। इस दौरान ट्रैन के इंजन और 2 डिब्बे महिला के ऊपर से गुजर गए। इधर रेल गुजरने के बाद भी महिला की जान बाल - बाल बच गई। महिला को रेलवे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मामले के अनुसार सोमवार दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से अहमदाबाद के असारवा जाने वाली ट्रेन रवाना हुई। ट्रैन के चलते ही एक महिला अचानक पटरियों पर आकर सो गई। महिला को पटरियों पर देखते ही ट्रेन ड्राइवर राजेश खन्ना ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। लेकिन ट्रेन का इंजन और दो डिब्बे महिला के ऊपर से होकर निकल गए। इसके बाद ट्रेन रुकी। वही मामले की सुचना पर डूंगरपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे थाने से हेड कांस्टेबल दौलतराम परमार मौके पर पहुंच गए। जीआरपी के जवानो ने ट्रेन ड्राइवर व अन्य लोगो की मदद से पटरियों पर सोई महिला को बाहर निकाला। इधर रेल का इंजन और डिब्बे गुजरने के बाद भी महिला को खरोच तक नहीं आई। इधर जब जीआरपी हेड कांस्टेबल दौलतराम ने महिला से पूछा तो अपना नाम लक्ष्मी (50) पत्नी रमेश अहारी निवासी कलारिया बताया। महिला ने बताया की आत्महत्या करने के लिए पटरियों पर सोई थी। इधर ट्रेन के नीचे से महिला को निकालने के बाद ट्रेन को अहमदाबाद के लिए रवाना कर दिया गया। इधर जीआरपी ने महिला को हिरासत में लिया और महिला को 108 एंबुलेंस से डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर गए और उसके स्वास्थ्य की जांच की गई। इधर जीआरपी ने महिला के परिजनों को मामले की जानकारी दी है और उन्हें बुलाया है। फिलहाल आत्महत्या के प्रयास के कारणों के बारे में महिला ने कुछ नहीं बताया है।

# होली पर जबरन चंदा वसूली करने पर डकैती में कार्रवाई होगी



**सीमलवाड़ा।** धंबोला पुलिस थाना परिसर में थाना स्तरीय सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर लाल चौहान एवं धंबोला सीआई भैया लाल आंजना के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशानुसार महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विशेष सतर्कता बरतने एवं कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बैठक आयोजित करने निर्देशित किया गया है।

जिसके तहत धंबोला कस्बे में स्थित खाखलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन होगा वही पीठ सलारेश्वर महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचेंगे जिनके लिए पुख्ता बंदोबस्त करने एवं यातायात सुविधा प्रभावित नहीं होने, चोरों एवं जेब कतरों से सावधानी बरतने समेत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सदस्यों ने जिले में बिजली विद्युत ट्रांसफार्मर की चोरियां होने की घटना को लेकर विद्युत ट्रांसफार्मर की सुरक्षा हेतु चारों तरफ तारबंदी कराने का सुझाव दिया। साथ ही धंबोला खाखलेश्वर महादेव मंदिर में संदिग्ध लोगों का जमावड़ा होने, बस स्टैंड के पास मार्ग अवरुद्ध होने एवं सीमलवाड़ा पीठ व धम्बोला कस्बे में सीसीटीवी कैमरा लगाने समेत विचार विमर्श किया गया। वही डीवाईएसपी रामेश्वर लाल चौहान व सीआई भैयालाल आंजना ने सख्त रवैया से कहा कि होली का त्यौहार नजदीक है एवं होली पर्व पर जबरन चंदा वसूली करने की शिकायत पर डकैती में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सना देव गिरी महाराज, अनिल मिश्रा, काशी लबाना, शंकर आमलिया, गुणवंत पंड्या, कन्हैया लाल पंड्या, कुंदन सिंह चौहान, रतन सिंह चौहान, जयेश पंड्या, किशोर पंड्या, चिराग मेहता, बृजेश पंड्या समेत मौजूद रहे।

# देवलिया महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि को मेला भरेगा



**सागवाड़ा।** महाशिवरात्रि मेले को लेकर सागवाड़ा के गामडा बाह्मणिया में देवलिया महादेव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैठक में गांव के सर्व समाज के युवाओं व वरिष्ठजन मौजूद रहे। इस अवसर पर महाशिवरात्रि पर्व ओर मेले को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक में महाशिवरात्रि मेले को लेकर आवश्यक निर्णय लिए। शिवरात्रि मेले को लेकर बैठक में भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। देवलिया महादेव परिसर में महाशिवरात्रि पर्व पर सर्व समाजो के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भामाशाहो ने पूरे तन मन धन से सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। महाशिवरात्रि पर्व पर गामडा बाह्मणिया में सभी समाजों के साथ महाआरती का भी आयोजित किया जाएगा। वही शिवरात्रि पर मंदिर परिसर में रात्रिकालीन भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि मेले में आसपास के गांवों से भक्त दर्शनों हेतु आएंगे जिनकी व्यवस्था सर्व समाज की ओर से किया जाएगा।

# राजस्थान में सर्द हवाओं ने ठंडक बढ़ाई

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम में बदलाव और सर्द हवाओं ने एक बार फिर सुबह-शाम ठंडक बढ़ा दी है। पिछले दिनों प्रदेश के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हुई थी। उसके बाद से ठंडी हवाएं चल रही हैं। इससे चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर समेत तमाम उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के जिलों में तापमान 3 डिग्री तक गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे आ गया।

हनुमानगढ़ में बीती रात न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। प्रदेश में यह सबसे ठंडा रहा। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक अजमेर, अलवर, चूरू, जैसलमेर, जोधपुर, पिलानी समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। जयपुर में आज सुबह से सर्द हवाएं चल रही हैं। इससे ठंडक बढ़ गई। दिन में तेज धूप के बावजूद गर्मी के तेवर नरम ही हैं। जयपुर में बीती रात न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर में सर्दी का असर थोड़ा ज्यादा है। हनुमानगढ़ में रात के साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है।

# संविदा विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक संघ ने कांग्रेस सरकार को याद दिलाया घोषणा पत्र

## नियमतिकरण की मांग को लेकर डूंगरपुर विधायक को दिया ज्ञापन

**डूंगरपुर ।** जिले के संविदा विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक संघ नियमीतिकरण की मांग को लेकर आज डूंगरपुर विधायक निवास पर पहुंचे। जहा पर विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायको ने कांग्रेस सरकार को अपना चुनावी घोषणा पत्र याद दिलाते हुए डूंगरपुर विधायक को ज्ञापन सौपा वही नियमीतिकरण की मांग की है। डूंगरपुर जिला संविदा विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक संघ के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र मेहता के नेतृत्व में जिले के विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक आज कलेक्ट्रेट मार्ग पर स्थित डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा के सरकारी निवास पर एकत्रित हुए। इस दौरान विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायको ने डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा से मुलाक़ात की। इस मौके पर संविदा विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक संघ ने विधायक को बताया की चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस ने सत्ता में आने पर उन्हें नियमित करने की बात कही थी। लेकिन 3 साल बाद भी ये घोषणा आज तक पूरी नहीं हुई है। उन्होंने बताया की नियमित करने की मांग को लेकर वे लम्बे समय से संघर्ष कर रहे है लेकिन उनकी मांग की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया की विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक सालो से 6 हजार के अल्प मानदेय पर अपनी सेवाए दे रहा है। लेकिन 6 हजार के अल्प मानदेय से घर चलाना भी मुश्किल हो रहा है। वही कई विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक अब ओवर एज भी हो गए है। ऐसे में संविदा विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक संघ ने डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा को ज्ञापन देते हुए सीधे समायोजन कर नियमितीकरण की प्रक्रिया की पैरवी सरकार में करने की मांग की है। इधर संविदा विद्यार्थी मित्र व पंचायत सहायक संघ की मांग पर डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर राहत पहुंचाने का आश्वासन विद्यार्थी मित्रो व पंचायत सहायको को दिया है।

# पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने पर काम शुरू

**जयपुर।** राजस्थान में सरकार ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की बजट घोषणा पर काम शुरू कर दिया है। वित्त विभाग ने पुरानी पेंशन को लागू करने से पहले पेंशन सिस्टम से जुड़े डेटा जुटाने शुरू कर दिए हैं। 1 अप्रैल से रिटायर होने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम के हिसाब से करीब आधे वेतन जितनी पेंशन मिलेगी, जबकि नई पेंशन स्कीम में यह पैसा बहुत कम है। नई पेंशन स्कीम में कर्मचारी के मूल वेतन और D को मिलाकर 10त्न पैसा कटता है व इतना ही सरकार मिलाती है। वित्त विभाग में जयपुर से लेकर जिलों तक तैयारियां चल रही है। डेटा कलेक्शन का काम चल रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार सरकार पर पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने से सालाना 19000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा, इसमें सालाना 10 फीसदी की बढ़ोतरी भी होगी। नई पेंशन स्कीम में कर्मचारी के मूल वेतन और डीए की 10 फीसदी राशि राज्य सरकार मिलाती थी, इस पर सरकार को सालाना करीब 1900 करोड़ रुपए का भार आता है। सरकार पर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने से तत्काल बहुत बड़ा भार नहीं आने वाला है। क्योंकि 2004 और उसके बाद सरकारी नौकरी में लगे कर्मचारी 2030 के आसपास रिटायर होंगे। ऐसे में 2030 से फिर सालाना यह भार बढ़ता जाएगा।

# बाल यौन शोषण व तस्करी के खिलाफ जन सवांद कार्यक्रम

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने सुनी समस्याए

**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय पर श्यामा प्रसाद भवन में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सृष्टि संस्थान की ओर से बाल यौन शोषण व तस्करी के खिलाफ जन संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ शैलेश पंड्या ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए जनसुनवाई की वही बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए कानूनों की जानकारी दी।

राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य व बालश्रम प्रकोष्ठ के राजस्थान प्रभारी डॉ शैलेन्द्र पंड्या आज डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ शैलेन्द्र पंड्या ने शहर के श्यामा प्रसाद भवन में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सृष्टि संस्थान की ओर से बाल यौन शोषण व तस्करी के खिलाफ जन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग के अधिकारी, जिला बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन के प्रतिनिधियों व जिलेभर से आये बच्चो व अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आये बच्चो व उनके अभिभावकों ने पालनहार योजना सहित अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओ का लाभ बच्चो को नहीं मिलने की समस्या बताई।

जिस पर आयोग के सदस्य डॉ शैलेन्द्र पंड्या ने बाल अधिकारिता विभाग के अधिकारी को शिकायतों को दिखवाकर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इधर कार्यक्रम में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य व बालश्रम प्रकोष्ठ के राजस्थान प्रभारी डॉ शैलेन्द्र पंड्या ने बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए बने विभिन्न कानूनों की जानकारी देते हुए लोगो को जागरूक किया। इधर अपने संबोधन में उन्होंने डूंगरपुर को बाल मित्र जिला बनाने की भी बात कही। वही उन्होंने बच्चो से बालश्रम, बाल विवाह, यौन शोषण, प्रताड़ना जैसे घटनाओं के खिलाफ आगे आकर आवाज उठाने का आव्हान किया। इधर अपने दौरे के दौरान बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य व बालश्रम प्रकोष्ठ के राजस्थान प्रभारी डॉ शैलेन्द्र पंड्या ने ज़िले में संचालित राजकीय बालगृह, आश्रयगृह, स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस थाने, राजकीय विद्यालय, छात्रावास का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# ट्रांसफार्मर चोरी कर तांबा निकालने वाला अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा

## पुलिस ने गैंग के 2 सदस्य गिरफ्तार किये



**सागवाड़ा।** राजस्थान एवं गुजरात राज्य में 100 से ज्यादा वारदातों को अंजाम देकर ट्रांसफार्मर चोरी कर तांबा निकालने वाली अंतर्राज्यीय गैंग का सोमवार को पुलिस ने खुलासा किया। डीएसटी प्रभारी दिलीपदान चारण , थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी एवं अनिल देवल यानाधिकारी ओबरी के नेतृत्व में बनी टीम ने प्रकरण में अज्ञात मुल्जिम की सरगर्मी से तलाश शुरू की एवं तकनीकी तंत्र एवं मुखबीर तंत्र का उपयोग श्रवण पिता रूमाल कनिपा निवासी सेमलघाटी पुलिस थाना दोवडा जिला डूंगरपुर व बलवन्त पिता भुरा कनिपा निवासी ओबरी पुलिस थाना ओबरी को पकड़ा है। ये अक्सर रात के समय अपने साथियों के साथ घुमता रहता है व उसकी हरकते संदिग्ध पाई जाने पर दोनों को डिटेन कर थाने पर लाकर पुछताछ करने पर दोनो ने अपने करीब 8 - 10 अन्य साथियों के साथ मिलकर डूंगरपुर, बांसवाडा व उदयपुर जिले सहित गुजरात राज्य में सौ से ज्यादा वारदातें करना स्वीकार किया। जिस पर दोनों को गिरफ्तार किया व पुछताछ जारी है। वहीं मामले में लिप्त अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।सभी अभियुक्त एक ही कनिपा जाति के होकर आपस में रिश्तेदार व अच्छे दोस्त है जिस कारण सभी ने मिल कर एक गैंग तैयार की। जो दिन के समय मे अलग अलग सामान बेचने के बहाने घुम घुम कर ट्रांसफार्मर की रैकी करते व शाम के समय सभी एकत्र होकर आपस में चर्चा योजना बनाते व देर रात्री में डीपी के तार काट कर उसको नीचे गिरा कर डीपी तोड़ कर उसमे से कॉपर निकाल लेते थे।

# अनपुरा जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## 24 फरवरी को गुजरात ईडर से घर के लिए निकला था युवक

**सीमलवाड़ा।** चौरासी थाना क्षेत्र के अनपुरा गांव के जंगल में एक युवक का शव लटका हुआ मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। मृतक की पहचान रास्ता खरपेड़ा निवासी हरीश कटारा के रूप में की गई है। मृतक गुजरात के ईडर में काम करता था और 24 फरवरी को ईडर से घर जाने के लिए निकला था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है । डूंगरपुर जिले के चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की रास्ता खरपेड़ा निवासी 22 वर्षीय हरीश पिता मणिलाल कटारा अपने छोटे भाई अंकित के साथ गुजरात के ईडर में एक प्लाईवुड कंपनी में काम करता है। 24 फरवरी को हरीश ईडर से अपने घर जाने के लिए निकला था और हरीश के भाई अंकित ने फोन पर अपने घर वालो को इस सम्बन्ध में जानकारी दी थी। लेकिन 24 फरवरी को हरीश अपने घर नहीं पहुंचा था। इधर कल देर शाम को अनपुरा गाँव के ग्रामीणों ने जंगल में एक पेड़ से अज्ञात युवक का शव लटका हुआ देखा। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी चौरासी थाना पुलिस को दी। सुचना पर चौरासी थाने से हैड कांस्टेबल निर्मल भगोरा व कांस्टेबल दिनेश मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा। वही इसके बाद पुलिस ने मृतक के जेब से मिले दस्तावेजो के आधार पर मृतक की पहचान रास्ता खरपेड़ा निवासी 22 वर्षीय हरीश पिता मणिलाल कटारा के रूप में की। पहचान होने के बाद पुलिस ने मामले की सुचना हरीश के परिजनों को दी। सुचना पर परिजन मौके पर पहुंचे जिसके बाद पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर आज सुबह परिजन व पुलिस जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहा पर परिजनों ने हरीश की हत्या कर शव लटकाने का अंदेशा जताया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मृतक के पिता मणिलाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गौरव क्रिकेट क्लब बना टी-10 अष्टम संस्करण चैंपियन




**उदयपुर।** स्व. गमेरलाल जैन और स्व. भंवरलाल जैन की पुण्य स्मृति में चल रही टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता के अष्टम संस्करण का समारोहपूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल एम बी '%ए' मैदान में पेसिफिक क्रिकेट अकेडमी और गौरव क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसे गौरव क्रिकेट क्लब ने 19 रन से जीत लिया, मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए श्रेय रावल मैन ऑफ दी मैच चुने गए।गौरव क्रिकेट क्लब के संस्थापक डॉ. प्रकाश जैन ने बताया कि पहले न्यू टैलेंट क्लब और पेसिफिक क्रिकेट अकेडमी के बीच तथा गौरव क्रिकेट क्लब और वंडर क्रिकेट अकेडमी के बीच सेमीफाइनल मैच हुए जिसमें पेसिफिक क्रिकेट अकेडमी और गौरव क्रिकेट क्लब विजेता रहे। यहाँ महिला क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के लिए उदयपुर आब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकॉलोजी सोसाइटी के साझे में महिला टी 10 क्रिकेट प्रतियोगिता भी हुई। फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ जिसमें आईजी उदयपुर रेंज हिंगलाज दान मुख्य अतिथि, जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा, सुप्रीटेंडेंट सुपर स्पेश्यालिटी ब्लॉक डॉ. विपिन माथुर, गौरव क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष और मीनाक्षी ग्रुप के एमडी शांतिलाल जैन, पन्नाधाय महिला चिकित्सालय की सीनियर प्रोफेसर डॉ. राधा रस्तोगी,सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट एंड स्ट्रोक स्पेशलिस्ट जायडस हॉस्पिटल, अहमदाबाद के डॉ. अरविंद शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरित किये।

गौरव क्रिकेट क्लब के सचिव डॉ.अलंकार गुप्ता ने बताया कि महिला क्रिकेट मैच में महिला क्रिकेटर्स ने उत्साह से भाग लिया। आईजी हिंगलाज दान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जिन्हें इस तरह की प्रतियोगिता में हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। साथ ही उन्होंने कहा कि महिला क्रिकेट की प्रतिष्ठा भी धीरे-धीरे बढ़ रही है। कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था, दस ओवर का खेल होने के कारण खिलाड़ियों को अधिक प्रयास करने होते है जिससे उनमें चुनौती स्वीकार करने का जज्बा पैदा होता है। डॉ. विपिन माथुर ने कहा कि क्रिकेट को लेकर युवाओं में उत्साह बढ़ रहा है और स्थानीय स्तर पर होने वाले टूर्नामेंट से उनका मनोबल बढ़ता है। शांतिलाल जैन ने कहा कि उदयपुर में कई तरह की क्रिकेट प्रतियोगिताएँ होती हैं लेकिन गौरव क्रिकेट क्लब द्वारा होने वाले आयोजन का प्रबंधन श्रेष्ठ होता है इसलिए इसकी लोकप्रियता समय के साथ बढ़ती जा रहा है। डॉ. राधा रस्तोगी ने कहा महिलाओं की लाइफस्टाइल में बदलाव के कारण शारीरिक समस्याएं बढ़ने लगी हैं ऐसे में क्रिकेट का खेल फिटनेस के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि यहाँ एक इंनिंग में 150 से ज्यादा रन बनना ये साबित करता है कि 10 ओवर में बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। गौरव क्रिकेट क्लब के कोषाध्यक्ष और इवेंट मैनेजर नितिन जैन बताया कि बेस्ट विकेट कीपर मनोज अमरावत, बेस्ट बॉलर हर्षित दक, बेस्ट बैट्समैन रजत छापरवाल, मैन ऑफ दी सीरीज सौरभ चौहान, आउट स्टैंडिंग बैट्समैन निखिल को चुना गया। विजेता टीम को ट्रॉफी दी गयी।